# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11 अगस्त 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दिल्ली से जारी करेंगे 109 उच्च उपज देने वाली और जलवायु अनुकूल फसलों की किस्में : किसानों और वैज्ञानिकों से करेंगे संवाद।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की अयोध्या के मिल्कीपुर के नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में राम दरबार के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा। कहा–रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण के बाद अयोध्या को मिली है दुनिया भर में पहचान।
- मुरादाबाद से लखनऊ के लिए शुरू हुई उड़ान सेवा : सप्ताह में तीन दिन मिलेगा सेवा का लाभ।
- प्रदेश में भाजपा जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता आज से तेरह अगस्त तक निकालेंगे तिरंगा यात्रा। हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए लोगों से करेंगे अपील।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दिल्ली में किसानों के लिए जलवायु अनुकूल फसलों की एक सौ नौ उच्च उपज देने वाली किस्में जारी करेंगे। किस्में जारी करने वाली इकसठ फसलों में चौंतीस खेत की और सत्ताइस बागवानी की फसलें शामिल हैं। खेत की फसलों में बाजरा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य संभावित फसलों सहित विभिन्न अनाज के बीज जारी किए जाएंगे। वहीं बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में जारी की जाएंगी। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के दौरान किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी करेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अयोध्या के मिल्कीपुर में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में राम दरबार की नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा और स्वामी मधुसूदनाचार्य जी महाराज व स्वामी माधवाचार्य जी महाराज की मूर्तियों का अनावरण किया। इसके बाद उन्होंने विद्यापीठ प्रांगण में जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के मामले में चुप रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हिंदुओं की रक्षा करना हमारा दायित्व है। अयोध्या का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनने से भगवान श्रीराम की नगरी को दुनिया भर में पहचान मिली है। दुनिया भर से राम भक्त दर्शन करने के लिए अयोध्या आ रहे हैं। अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। आज अयोध्या, लखनऊ, प्रयागराज, रायबरेली, गोंडा, बस्ती, काशी फोर लेन की कनेक्टिविटी से जुड़ चुका है।

***अयोध्या में 500 वर्षो का वनवास समाप्त हुआ। पूज्य संतों की लम्बी साधना और संघर्ष आज अयोध्या धाम में प्रभु रामलला के विराजमान होने के साथ वह मूर्त रूप ली है और दुनिया को अयोध्या की ओर आकर्षित की है और आज लखनऊ से अयोध्या के बीच में ही लखनऊ से प्रयागराज के बीच हो, अयोध्या से रायबरेली के बीच में हो, अयोध्या से गोण्डा के बीच में हो, अयोध्या से बस्ती का मार्ग हो, अयोध्या से काशी का मार्ग हो, ये सभी मार्ग फोर लेन की कनेक्टिविटी से जुड़े चुके हैं, बाकी जो बचा है वह जुड़ने की प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ चुका है।***

मुख्यमंत्री ने काकोरी घटना की विस्तार से चर्चा करते हुए कॉलेज के छात्र–छात्राओं से आह्वान किया कि वह तिरंगा यात्राएं निकालकर घर–घर तिरंगा पहुंचाएं और अपने घर पर तिरंगा अवश्य फहराएं। कार्यक्रम में प्रमुख संत सहित जनपद के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पूर्व सांसद लल्लू सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**********

हापुड़ के बाबूगढ़ में राजकीय आलू अनुसंधान केन्द्र पर स्थापित किए गए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर पोटैटो का कल प्रदेश सरकार के उद्यान एवं कृषि विपणन राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने लोकार्पण किया। इस मौके पर राज्यमंत्री ने जनपद में संचालित योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति–पत्र और चेक वितरित किए। लोकार्पण के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि इस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर पोटैटो की स्थापना से जनपद के किसानों को अच्छी गुणवत्ता के रोग रहित बीज आसानी से मिल सकेंगे। ऐसे में इस सेंटर में किसानों की फसल की गुणवत्ता और पैदावार बेहतर होगी, जिससे उन्हें आर्थिक लाभ भी मिलेगा।

**********

प्रदेश सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस का पहली त्रैमासिक किस्त वरिष्ठ नागरिकों के खाते में भेज दी है। वाराणसी के जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरीश चंद्र दुबे ने बताया कि वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में कुल

एक लाख दो हजार आठ सौ बयासी लाभार्थियों को वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है, जिसमें तिरालीस हजार आठ सौ छत्तीस महिलाएं और उन्सठ हजार छियालिस पुरूष शालि है।

**********

रक्षाबंधन पर इस बार भी अट्‌ठारह अगस्त की रात से उन्नतीस अगस्त की रात तक निःशुल्क रोडवेज बसों की सेवाएं बहनों को उपलब्ध कराई जायेंगी। इसी क्रम में लखनऊ से छोटे–छोटे शहरों के बीच दो सौ से ज्यादा अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक ने सभी सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को इसके लिए दिशा निर्देश जारी कर दिया है।

**********

मुरादाबाद के भदासना हवाई अड्डे से कल से लखनऊ के लिए उड़ान सेवा शुरू हो गई। एयरपोर्ट मैनेजमेंट ने पहली उड़ान का स्वागत वॉटर कैनन सैल्यूट से किया। प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह ने उन्नीस सीटर विमान को हरी झंडी दिखाकर सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि जिले से हवाई सेवा की शुरुआत विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मुरादाबाद मंडल का कारोबार विश्व पटल पर और अधिक बढ़ेगा। साथ ही पीतल की चमक अब सोने जैसी दिखेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुरक्षित औद्योगिक विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुरादाबाद से लखनऊ के लिए मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को फ्लाइट सेवा मिलेगी। सुबह नौ बजकर पैंतीस मिनट पर मुरादाबाद से फ्लाइट टेक ऑफ करेगी और करीब पचहत्तर मिनट बाद सुबह दस बजकर पचास मिनट पर लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट पर लैंड करेगी। मुरादाबाद से लखनऊ का किराया प्रति व्यक्ति साढ़े तेरह सौ रुपए के करीब है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस मार्च दो हजार चौबीस को आजमगढ़ से इस हवाई अड्डे का वर्चुअल उद्‌घाटन किया था।

**********

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आह्‌वान पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में इग्यारह अगस्त से तेरह अगस्त तक तिरंगा यात्रा निकालेंगे। तिरंगा यात्रा में जिला और प्रदेश के पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। युवा मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी धनंजय शुक्ला ने बताया कि तिरंगा यात्रा निकालने की योजना सभी जिलों में बन गयी है। इसके लिए युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों का प्रवास अलग–अलग जनपदों में तय हुआ है। भाजपा के कार्यकर्ता बारह से चौदह अगस्त तक स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर महापुरुषों की प्रतिमाओं और स्मारकों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाएंगे। साथ ही अमर बलिदानियों, महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करेंगे। इसके अलावा चौदह अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर भाजपा प्रत्येक जनपद में गोष्ठी का आयोजन करेगी और मौन जुलूस भी निकालेगी।

**********

गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए वाराणसी के दशाश्मेध घाट पर गंगा आरती का स्थान एक बार फिर बदल दिया गया है। अब गंगा आरती गंगा सेवानिधि के कार्यालय की छत पर संपन्न की जा रही है। गंगा सेवा निधि के अध्यक्ष सुशांत मिश्र ने बताया कि इस वर्ष गंगा आरती का स्थान पांचवी बार परिवर्तित किया गया है।

**********

जुलाई माह की सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में महाराजगंज जिले को विकास और राजस्व योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रदेश में पहला स्थान मिला है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और जिला प्रशासन इसी मंशा के अनुरूप कार्य कर रहा है।

**********

सावन के चौथे सोमवार को लेकर प्रदेश के मंदिरों में तैयारियां जोरों पर हैं। वहीं सड़कों पर कांवड़ियों की बड़ी संख्या को देखते हुए प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। बदायूं में कल से बारह अगस्त तक के लिए सरकारी और गैर सरकारी सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। वहीं कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए कल दोपहर से अमरोहा में राष्ट्रीय राजमार्ग को वाहनों के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया। इसके साथ ही जिले में सावन के प्रत्येक शनिवार और सोमवार को कक्षा बारह तक के विद्यालयों में पहले ही विशेष अवकाश घोषित किया जा चुका है।

**********

प्रदेश के गोरखपुर सहित लखभग सभी पूर्वी जिलों में घने बादल छाये हुए हैं। कई जिलों में कल देर रात से ही तेज हवा के बीच गरज चमक के साथ वर्षा का सिलसिला जारी है। लगातार हो रही वर्षा के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा की वायुमण्डलीय परिस्थितियां बनी हुई हैं। ऐसे में फिलहाल अगले दो, तीन दिन तक रूक–रूक कर वर्षा का क्रम जारी रहने का पूर्वानुमान है।

**********